संक्षिप्त

जिला टीम चैंपियन बनी टीम के राजगढ़ पहुंचने पर भव्य स्वागत

सादुलपुर, (निसं)। राजगढ में 65वीं राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता छात्रा 17 वर्ष में चूरू जिला टीम चैंपियन बनी। वहीं चैंपियन बनी टीम के राजगढ बस स्टैंड पर पहुंचने पर पदक विजेता बेटियों का गुलाल लगाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत व अभिनंदन किया गया। युवा नेता व सामाजिक कार्यकर्ता कृष्ण भाकर ने सभी पदक विजेता बेटियों को बधाई व शुभकामनाएं दी। भाकर ने कहा कि आपने राजगढ का नाम रोशन किया जिसके लिए आपका जितना स्वागत किया जाये, उतना ही हम है। वहीं टीम प्रभारी किरण भदौरिया, कोच संजय पूनिया का भी मिठाई खिलाकर एवं माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। साथ में अनूप पूनिया, मनोज स्वामी, मनोज पूनिया व रणसिंह श्योराण साथ रहे।

ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि मनाई

उदयपुरवाटी, (निसं)। कस्बे के नई सब्जीमण्डी में रविवार को एमजेएफ एजुकेशन ग्रुप की ओर से महात्मा ज्योतिबा फुले की पूण्य तिथि पर श्रद्धांजली सभा का आयोजन शैतान सिंह टांक की अध्यक्षता में हुआ। श्रद्धांजली सभा में युवाओ की ओर से महात्मा ज्योतिबा फुले के चित्र पर पुष्पाजंली अर्पित की गई। संयोजक एडवोकेट मोतीलाल सैनी ने बताया कि महात्मा ज्योतिबा फुले सामाजिक न्याय के प्रणेता थे। उन्होने महिला सशक्तिकरण, दलितोत्थान एवं पिछडे वर्गो के कल्याण हेतु काम्र कर सामाजिक समानता का संदेश दिया। इस मौके परराममनिवास सैनी, इंजी. संदीप सेनी, डेमा गुर्जर, रविप्रकाश सैनी, अशोक सैनी, सचिन सेनी, अंकित कुमार जाट, आलोक, सोनू असवाल, सुहानी रचेता, कल्पना सैनी,राकेश, रामनिवास गुर्जर आदि मोजूद थे।

मुख्यमंत्री निरोगी स्वास्थ्य शिविर आज पुरानाबास में

पाटन, (निसं)। निकटवर्ती ग्राम पंचायत पुरानाबास में आज सोमवार को मुख्यमंत्री निरोगी राजस्थान चिरंजीवी स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा।। शिविर में स्त्री रोग,फिजिशियन,शिशुरोग,नेत्र रोग,दन्त रोग एवम आयुष चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे।।इस शिविर में आवश्यक जांच सुविधा भी उपलब्ध रहेगी साथ ही कोविड टीकाकरण भी किया जाएगा,विकलांगता प्रमाण पत्र भी जारी किए जाएंगे।। इसके अलावा चिकित्सा विभाग से सम्बंधित अन्य सेवाएं भी उपलब्ध रहेंगी। इसके लिए स्थानीय प्रशासन ने आमजन को अपील करते हुए अधिकाधिक इन शिविरों का लाभ उठाने की बात कही है।

लाडो की घोड़ी पर बैठाकर निकाली बिंदौरी

चिड़ावा, (निसं)। निकटवर्ती ब्राह्मणों की ढाणी तन देवरोड़ में लाडो की घोडी पर बिठाकर बंदोरी निकाली गई। स्व होशियार सिंह गोदारा की पुत्री दिलराजकौर का विवाह है।
दिलराजकौर को सुमित गोदारा, नितिन गोदारा ने बनोरी दी। बनोरी में शामिल लोगों ने जम कर ठुमके लगाए। इस दौरान कर्ण सिंह गोदारा, राजेश गोदारा, राजवीर गोदारा, धर्मेंद्र ओला, सत्यवीर पचार, विनीत श्योराण, अक्षय, अनुज, सत्यवीर भास्कर, अंकित भास्कर, महेश कटेवा मौजूद रहे।

सेविकाओं ने किया श्रमदान

सादुलपुर, (निसं)। राजकीय मोहता बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, राजगढ के विद्यालय प्रांगण में रा.से.यो. नं.-2 स्तर इकाई सत्र 2021-22 का प्रथम एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर प्रभारी सुमित्रा चौधरी एव सह प्रभारी अनिता खीचड ने बताया कि श्रमदान हेतु वार्ड नं. 34 को गोद लिया। श्रमदान हेतु स्वयं सेविकाओं को अलग-अलग समूहों में बाँट कर कार्य भार का दायित्व सौंपा गया। वहीं सभी सौ स्वयं सेविकाओं ने पूर्ण मनोयोग से वार्ड में स्थित बालाजी मंदिर, गौशाला तथा वार्ड की गलियों एवं नालियों की साफ-सफाई कर श्रमदान किया गया तथा सभी वार्ड वासियों को स्वच्छता अपनाने तथा 'स्वच्छ भारत अभियान' को सफल बनाने हेतु सहयोग करने के लिए प्रेरित किया। अन्त में सभी स्वयं-सेविकाओं ने विद्यालय में पहुंचकर जलपान ग्रहण किया तथा प्रधानाचार्य डॉ. सुमन जाखड ने सभी स्वयं सेविकाओं को भविष्य में ऊर्जावान बने रहने हेतु प्रेरित कर शिविर का विसर्जन किया।

जिला कलेक्टर ने प्रशासन शहरों के संग अभियान शिविर का निरीक्षण किया

■ मौके पर ही अनेकों व्यक्तियों को किए पट्टे वितरित, मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाएं

चूरू, (कासं)। प्रशासन शहरों के संग अभियान को लेकर राजलदेसर नगर पालिका परिसर में शिविर के दौरान जिला कलेक्टर सांवरमल वर्मा नगर पालिका में शिविर का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान करीबन डेढ़ घंटे तक नगर पालिका में अधिशासी अधिकारी मनोहर लाल जाट से शिविर संबंधित पूरी जानकारी हासिल की साथ ही राजलदेसर में धीमी गति से पट्टे नहीं बनने के कारण उन्होंने नाराजगी व्यक्त की साथ ही अधिशासी अधिकारी में कुछ तकनीकी खामियों के कारण धीमी गति का कारण बताया। इस अवसर पर पूर्व पालिका अध्यक्ष हंसराज पारीक, चेयरमैन पति नानू राम मेघवाल आदि ने कस्बे की विभिन्न समस्याओं को लेकर जिला कलेक्टर को अवगत कराया साथ ही उन्होंने बिजली पानी गंदे पानी की परमानेंट निकासी की व्यवस्था आदि पर विशेष रूप से उनको अवगत कराया।

इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने सभी विभागों के अधिकारियों को मौके पर बुलाकर उनके शिविर संबंधित पूरी जानकारी ली साथ ही इन शिविरों में जनता के अधिक से अधिक कार्य करने का आव्हान किया। इस अवसर पर उप तहसील कार्य संबंधित नायब तहसीलदार सुभाष कुलहरी से भी बातचीत की जिला कलेक्टर वर्मा ने अधिशासी अधिकारी मनोहर लाल जाट को कहा कि अति शीघ्र पार्षद गणों की मीटिंग बुलाकर उनको शिविर संबंधित अधिक से अधिक पट्टे बनाने के लिए पूरी जानकारी दें साथ ही राजस्थान सरकार की महत्वकांक्षी योजना चिरंजीवी योजना का आम व्यक्ति को इसका ज्यादा से ज्यादा फायदा कैसे हो इसके लिए इन शिविर के माध्यम से जनता को जागरूक करने के लिए जनप्रतिनिधि को आगे आकर पहल करनी चाहिए।

उन्होंने कहा चिरंजीवी योजना बहुत ही बढ़िया योजना है। इस योजना के तहत 5 लाख तक का स्वास्थ्य बीमा के तहत कोई भी बीमार व्यक्ति अपना इलाज करा सकता है। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी विजेंद्र सिंह ने भी उपस्थित कस्बे के गणमान्य नागरिकों को भी संबोधित किया। जिला कलेक्टर ने उपस्थित अनेकों व्यक्तियों को अपने हाथों से पट्टे वितरित किए।

इस अवसर पर उपखंड अधिकारी विजेंद्र सिंह, नायब तहसीलदार सुभाष कुलहरी, चेयरमैन गंगा देवी चेयरमैन पति नानू राम मेघवाल, एडवोकेट रोहित मारू, पार्षद नवाब अली, पार्षद जब्बार खोकर, कांग्रेस युवा नेता पार्षद पति विनोद सैनी, पार्षद पति शंकरलाल मारू, विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता मुकेश मीणा, जलदाय विभाग के दौलत राम जाट, समाज कल्याण विभाग के चिकित्सा विभाग के नगरपालिका के कैलाश बंजारा, आत्माराम शर्मा, अर्जुन सिंह, राशि पांडे, कनिष्ठ अभियंता सहित अनेकों कस्बे के प्रतिष्ठित व्यक्ति उपस्थित थे।

शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन की ओर बढ़ायें कदम, संसाधनों को तैयार कर सैम्पल बढ़ायें : वर्मा

■ कोरोना की तीसरी लहर की आशंका के मद्देनजर कलेक्टर ने तैयारियों की समीक्षा की

चूरू, (कासं)। कोरोना महामारी की तीसरी लहर की आशंका के मद्देनजर जिला कलेक्टर सांवरमल वर्मा ने रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए समस्त उपखंड अधिकारियों तथा ब्लॉक सीएमएचओ सहित संबंधित अधिकारियों के साथ तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने कहा कि सभी सीएचसी कोविड नियंत्रण संबंधी गतिविधियों को लेकर समुचित कार्य करें, ताकि राज्य सरकार की मंशा के अनुसार उनका उपयोग हो। जिला कलक्टर ने कहा कि इस प्रकार से एक्शन प्लान बनाकर काम करें, कि जिला शत प्रतिशत वेक्सीनेशन की ओर बढ़े। उन्होंने कहा कि जो लोग वैक्सीन की पहली खुराक से वंचित हैं और जिन लोगों की दूसरी खुराक पेंडिंग हो गई है। उन्हें चिन्हित कर वेक्सीनेशन करवाएं। जिला कलक्टर ने कहा कि कोविड नियंत्रण से जुड़े कन्संट्रेटर, ऑक्सीजन प्लांट आदि संसाधन फंक्शनल हों, यह सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि घर-घर सर्वे को प्रभावी बनाएं और जिन लोगों को कोरोना संबंधित लक्षण लगें उनके सैम्पल लेकर कोविड जांच करवाएं। उन्होंने कहा कि कोविड डेंगू आदि के लिहाज से यह अत्यंत चुनौतीपूर्ण समय है। इसलिए चिकित्सा विभाग से जुड़े समस्त अधिकारी कर्मचारी पूरी निष्ठा और सकारात्मक सोच के साथ काम करें और लोगों को राहत दें। इस अवसर पर एडीएम लोकेश गौतम, सीईओ रामनिवास जाट, सीएमएचओ डॉ. मनोज, मेडिकल कॉलेज प्राचार्य महेश मोहनलाल पुकार, डीआरसीएचओ डॉ. विश्वास, एडिशनल सीएमएचओ डॉ. डॉ. बीएल सर्वा, आईसीडीएस उपनिदेशक सीमा सोनगरा सहित संबंधित अधिकारीगण मौजूद थे।

65 वीं राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में चूरू सिरमौर

सादुलपुर, (निसं)। बाड़मेर में आयोजित 65वीं राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री हेमाराम चौधरी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई। चूरू जिले की टीम के दलाधिपति सुरेन्द्र सिंह पूनिया ने बताया कि इस प्रतियोगिता के दोनों वर्गो 17 एवं 19 वर्ष में चूरू ने अपना दबदबा कायम रखते हुए विजेता बनने का गौरव हासिल किया। वहीं चूरू जिले के खिलाडियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 33 पदक हासिल किए तथा खिलाडी मनदीप कुमार ने 17 वर्ष आयु वर्ग में बेस्ट एथलीट का खिताब जीतने में कामयाब रहा। चूरू जिले के खिलाडियों ने गंगानगर एवं अलवर को पछाडते हुए चैंपियनशिप प्राप्त की। चूरू जिले के खिलाडियों के शानदार प्रदर्शन में मुख्य भूमिका कोच जसवंत सिंह पूनिया, राजकुमार पूनिया, राजेंद्र पूनिया, विजय सिंह, रोहिताश कुल्हाड, रामु राम बुंदेला की रही। जिले का राजस्थान में परचम लहराने का कार्य कोचेज की मैदान में खिलाडियों के साथ की गई मेहनत का परिणाम है।

नगर श्री में पुनः शुरु हुई साहित्य गोष्ठी

चूरू, (कासं)। स्थानीय लोक संस्कृति शोध संस्थान नगर श्री चूरू में आज साहित्य गोष्ठी का आयोजन हुआ। सचिव ने बताया कि पंडित कुंजविहारी शर्मा स्मृति साहित्य गोष्ठी के अन्तर्गत सृजन से साक्षात्कार कार्यक्रम बाबूलाल शर्मा की अध्यक्षता व मोहम्मद इदरीस खत्री 'राज' के विशिष्ट सान्निध्य में आयोजित हुआ। जिसमें कार्यक्रम की आमंत्रित साहित्यकार झुन्झुनूं की नीलम मुकेश वर्मा थीं। मां सरस्वती व पंडित कुंज विहारी शर्मा के चित्र पट के सम्मुख धूप बत्ती प्रज्ज्वलन के पश्चात कवयित्री नीलम वर्मा ने मां सरस्वती को समर्पित मुक्तक हंस वाहिनी ज्ञान दायनी, प्रेम विनय और भक्ति दो। प्रस्तुत कर अपना आत्मकथ्य प्रस्तुत किया।

रचनाओं के दौर में नीलम 'नील' ने गीत, गजल, दोहे व मुक्तक सुनाकर खूब समां बांधा। गीत साया बनकर हरदम मैं साथ चलूंगी, आंधियों में तुम आस का दीप बनना, श्रृंगार गीत-ख्वाहिश कोई और न दिल में, मांगू रब से एक ईशारा, खुशियां लुट कर पीर में पलती रही है जिन्दगी, पल-पल पतंगे की तरह जलती रही है जिन्दगी, सुनाकर खूब दाद पाई। अजन्मी बेटी की पुकार-दीप उम्मीद का जला दे मां,ख्वाब पलकों पर सजा दे मां, जब सुनाई तो सारा सदन गंभीर हो गया और गीत को खूब सराहा गया। गजलों के दौर में ख्वाहिशों को खुदकशी करने पर उकसाया ना कर, मुद्दत से कर रही इबादत फिर भी क्यूं न शाद खुदा, अरमनों की उजड़ी बगिया कब होगी आबाद बता कि उलझता है जब इंशां विचारों के भंवर में पर श्रोताओं ने खूब तालिंया बजाई।

नारी विमर्श की रचनाओं क्रूर जग की तपन मय हरूं किसलिये, लहरों से पूछ लो क्या वजूद है समंदर का, हृदय विकारक चीख सुनो और चंग बजाना बंद करो तथा राजस्थानी कविता-मत आइजै लाडो इस देस में, सुनाकर सदन को कन्या भ्रूण हत्या व दामिनी जैसे हादसों के प्रति झगझोरा। मो. इदरीश खत्री ने कवयित्री नीलम मुकेश वर्मा 'नील' की रचनाओं की व्यापक समीक्षा की। बाबूलाल शर्मा ने अध्यक्षीय उद्बोधन दिया। कार्यक्रम के अंत में नगर श्री परिवार की ओर से नीलम वर्मा को शॉल ओढ़ाकर व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। संचालन साहित्यकार प्रो. कमलसिंह कोठारी ने किया।

सार-समाचार

वाहनों की चोरी का पर्दाफाश

बीकानेर, (निसं)। बीकानेर के अलावा नागौर और जोधपुर में महंगी कारें व बाइक चोरी करके मौज मस्ती करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दोनों युवक कार चोरी करके इधर से उधर घूमते फिरते, शराब पार्टी करते और बाद में उसी गाड़ी को बेचत देते थे। जयनारायण व्यास कॉलोनी ने इन युवकों से चार कार और दो बाइक बरामद की है। इसके साथ ही इनसे हथियार भी बरामद किए गए हैं। माना जा रहा है कि इनके अलावा भी कई कारें ये लोग आगे बेच चुके हैं। चोरी की कार खरीदने वालों की गिरफ्तारी का प्रयास चल रहा है। सीओ सदर पवन भदोरिया ने बताया कि बीकानेर के जितेंद्र माली उर्फ जीतिया और मामराज को गिरफ्तार किया गया है। इन दोनों ने मिलकर गजनेर में 16 जुलाई को गजनेर में एक केंपर, फलौदी से एक स्कोर्पियों और एक केंपर गाड़ी भी इन्हीं युवकों ने नौ नवम्बर को चोरी की थी। ये दोनों गाड़ियां पुलिस ने बरामद कर ली है। इसके अलावा नागौर के कोतवाली थाने से 17 नवम्बर को एक अल्टो गाड़ी चोरी की थी। ये गाड़ी भी पुलिस ने बरामद कर ली है। इसके अलावा कोटगेट और सदर थाना एरिया से पिछले दिनों एक स्पलेंडर और पल्सर चोरी की थी। ये गाड़ियां भी पुलिस ने बरामद कर ली है। हिस्ट्रीशीटर जितेंद्र उर्फ जीतियां की जमानत नवम्बर के पहले सप्ताह में हुई थी। बाहर आते ही उसने फिर से चोरियों का काम शुरू कर दिया।

रोटरी क्लब ने बैंचों का उद्घाटन किया

बीकानेर, (निसं)। जिले के स्थानीय मुरलीधर व्यास नगर सामुदायिक भवन पार्क में रोटरी कूब द्वारा स्थानीय लोगों की सहायतार्थ एवं वृद्ध जनों के आराम हेतु लगाई गई बेंचो का आज उद्घाटन किया गया । एमडी वी सेलिब्रिटी ग्रुप के संयोजक योगेश बिस्सा ने बताया कि जहां अभी कुछ समय पूर्व ही बीकानेर की सामाजिक कार्यों में सदैव सरोकार की भूमिका निभाने वाली व पर्यावरण के प्रति जनचेतना जागृत करने वाली बीकानेर की प्रमुख संस्था रोटरी कूब द्वारा इसी सामुदायिक भवन पार्क में मिनी फॉरेस्ट प्लान के अंतर्गत पर्यावरण को बढ़ावा देने अंतर्गत पौधे लगाकर एमडीवी सेलिब्रिटी ग्रुप के सदस्यों को इसके संरक्षण का कार्यभार सौंपा गया था वही आज लगाई गई बेंचो का उद्घाटन कर यहां के स्थानीय निवासियों विशेषकर वृद्ध जनों के सहायतार्थ विशेष सहयोग प्रदान किया गया। एम डीवी सेलिब्रिटी ग्रुप के सचिव पवन राठी के अनुसार इस अवसर पर जहां एक और रोटरी कूब से प्रमुख रूप से दिनेश आचार्य, राजेश चुरा, विजय कुमार हर्ष, महेंद्र चुरा आदि गणमान्य उपस्थित हुए वही एम डी वी सेलिब्रिटी ग्रुप की ओर से दिनेश बिस्सा,ग्रुप संयोजक योगेश बिस्सा, ऋषि कुमार तंवर, पवन राठी, राजेश भार्गव पवन स्वामी विनोद सोनी पंकज पारीक अजय पुरोहित एवं बृजेश आदि अनेक सदस्य भी मौजूद थे।

ऑनलाइन स्टडी का सत्यापन 10 तक

बीकानेर, (निसं)।। राज्य के प्राइवेट स्कूलों को पिछले शिक्षा सत्र 2020-21 में आरटीई के तहत निशुल्क प्रवेशित स्टूडेंट्स की फीस का भुगतान ऑनलाइन स्टडी के सत्यापन के बाद होगा।राज्य के प्राइवेट स्कूलों को पिछले शिक्षा सत्र 2020-21 में आरटीई के तहत निशुल्क प्रवेशित स्टूडेंट्स की फीस का भुगतान ऑनलाइन स्टडी के सत्यापन के बाद होगा। पिछले शिक्षा सत्र में ऑनलाइन पढ़ाई करने वाले निःशुल्क प्रवेशित स्टूडेंट्स के सत्यापन के लिए दलों का गठन 28 नवंबर तक करना होगा। इन दलों की ओर से 10 दिसंबर तक प्राइवेट स्कूलों में ऑनलाइन शिक्षण कार्य का सत्यापन किया जाएगा।सत्यापन रिपोर्ट 13 दिसंबर तक शिक्षा विभाग के जिला दफ्तरों में जमा करानी होगी। जिला कार्यालयों की ओर से शिक्षा निदेशालय को 17 दिसंबर तक यह रिपोर्ट भेजनी होगी। विदित रहे कि पिछले शिक्षा सत्र में कोरोना संक्रमण के कारण स्टूडेंट्स की पढ़ाई के लिए ऑफलाइन स्कूल बंद थे ज्यादातर स्टूडेंट्स की पढ़ाई ऑनलाइन ही चली। जिन प्राइवेट स्कूलों ने निशुल्क प्रवेशित बच्चों को ऑनलाइन पढ़ाई करवाई है उन्हें ही फीस भुगतान किया। प्राइवेट स्कूलों में शिक्षा सत्र 2020-21 के ऑनलाइन शिक्षण सत्यापन के लिए शिक्षा निदेशक कानाराम ने समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किए हैं।

डॉ. जितेंद्र सिंह का बीकानेर में स्वागत

बीकानेर, (निसं)। मुख्यमंत्री के सलाहकार डॉ जीतेन्द्र सिंह के रविवार को बीकानेर पहुंचने पर शिविका गार्डन में स्वागत और अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर डॉ जितेंद्र सिंह ने कहा कि 6 बार के निर्वाचित विधायक और सरकार में विभिन्न विभागों के मंत्री पदों पर रहते हुए उनके कार्यों और अनुभव का लाभ लेते हुए वे अपने नए दायित्व का निर्वहन करके राज्य की सेवा करेंगे। मुख्यमंत्री के विश्वास के प्रति आभार जताते हुए उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे लोगों की आकांक्षाओं और अपेक्षाओं को पूरा करेंगे। इस अवसर पर पूर्व पार्षद श्याम तंवर ने उनके पूर्व मंत्रीत्व काल में बीकानेर के विकास में दिए गए योगदान की सराहना की।

मानवाधिकार आयोग के सदस्य 1 को बीकानेर में

बीकानेर, (निसं)। राज्य मानवाधिकार आयोग के सदस्य महेश गोयल 1 दिसंबर को बीकानेर आएंगे। गोयल 2 दिसंबर को सर्किट हाउस में प्रातः 11 से दोपहर 1.30 बजे तक व सायंकाल में जनसुनवाई करेंगे। 3 दिसंबर को वे सायं 4 बजे जिला मुख्यालय स्थित किसी पुलिस थाना, चिकित्सालय, राजकीय छात्रावास अथवा कारागृह का औचक निरीक्षण करेंगे।

डेमेज कंट्रोल के लिए सरकार कुछ भी कर सकती है : डॉ. सिंह

बीकानेर, (निसं)। एक तरफ जहां मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के एक सलाहकार स्वयं को केबिनेट मंत्री लिख रहे हैं, वहीं दूसरे सलाहकार डॉ. जितेंद्र सिंह ने दो कदम आगे बढ़कर कहा है कि कमला हेरिस भी अमेरिकी राष्ट्रपति की सलाहकार है। हम भी वैसे ही सलाहकार है, जैसे हेरिस है। बीकानेर यात्रा के दौरान रविवार को उन्होंने कहा कि हमें सलाहकार बनने से कोई रोक नहीं सकता।

यहां एक विवाह समारोह में हिस्सा लेने आए जितेंद्र सिंह ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हमारे पास कोई वित्तीय अधिकार नहीं है। इसके बाद भी मुख्यमंत्री को प्रदेश के विकास के लिए सलाह तो दी जा सकती है। ये मुख्यमंत्री का विश्वास है कि उन्होंने हमें इतनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है। सिंह ने कहा कि कमला हैरिस भी तो अमेरिकी राष्ट्रपति की सलाहकार ही है। ये मुख्यमंत्री का विशेषाधिकार है कि वो किसी को भी अपना सलाहकार बना सकते हैं। उन्होंने माना कि मुख्यमंत्री अपने विधायकों को साथ रखने के लिए पद भी देने पड़े तो देंगे। डेमेज कंट्रोल के लिए सरकार कुछ भी कर सकती है। मुख्यमंत्री गहलोत की तारीफ करते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि कोरोना काल में देश में सबसे बेहतर काम राजस्थान में हुआ है। प्रदेश का एक भी जिला ऐसा नहीं है, जहां ऑक्सीजन प्लांट नहीं है।

सामूहिक विवाह के लिए परिचय सम्मेलन सम्पन्न

पाटन, (निसं)। मेघवंश जागृति संस्थान एवं अखिल भारत अनुसूचित जाति परिषद के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 25 दिसम्बर 2021 को पाटन में आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन के लिए अनुसूचित जाति समाज के युवक युवतियो का एक परिचय सम्मेलन आज पाटन स्थित छोटेलाल धर्मशाला में सम्पन्न हुआ । संस्थान अध्यक्ष डॉ रणजीत मेहरानिया ने बताया कि सम्मेलन के दौरान 50 युवक युवतियों ने विवाह हेतु अपना परिचय दिया ।

कार्यक्रम में डॉ. रणजीत मेहरानिया व राजेन्द्र वर्मा नायब तहसीलदार ने 51-51 हजार रुपए, राजेंद्र कुमार बबेरवाल, पंकज मेहरानिया, विरेन्द्र कुमार सूंठवाल, विरेन्द्र कुमार पुनिया, कमल कुमार पशुधन सहायक ने 11-11 हजार, कैलाश महरडा, बजरंग कलोडिया व् सुवालाल बरबड़ ने 51-51 सौ रूपये व् 50-50 किलो आटा सम्मेलन में भेंट करने की घोषणा की ।भामाशाह एवं समाजसेवी सुनील दीवान ने एक लाख रूपये तथा संजय डोकनिया द्वारा सम्मेलन के दौरान सम्पूर्ण जलपान की व्यवस्था के सहयोग की घोषणा भी की ग। कार्यक्रम में पूर्व व्याख्याता रिछपाल सिंह पंवार, पूर्व बैंक प्रबंधक सरदार मल कलोडिया, हवा सिंह सरपंच, राजेंद्र सिंघल व्याख्याता व् डॉ भीमराव अम्बेडकर मानव कल्याण संस्थान के पूर्व अध्यक्ष शंकरलाल बला, वित्तसचिव डॉ प्रदीप बेसरवाडिया, सदस्य राजेंद्र मेहरानिया, बिंटू कलोडिया, छोटू बाल्मीकि, रामप्रकाश नायक, विजेंद्र वर्मा, प्रहलाद मेहरानिया व् ओमदत्त कलोडिया सहित क गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

मंत्री गोविंद राम मेघवाल स्वागत किया

चूरू, (कासं)। राजस्थान सरकार में आपदा प्रबधन एव प्रशासनिक सुधार कैबिनेट मंत्री गोविंद राम मेघवाल का स्वागत कर मुलाक़ात की। कांग्रेस नेता जमील चौहान ने बताया कि केबिनेट मंत्री रहे स्वर्गीय मास्टर भवरलाल मेघवाल के देहांत के बाद यह कमी महसूस की जा रही थी। अब जमीन से जुड़े 36 कोम के दबंग नेता गोविंद राम को मंत्री बनाकर लोकप्रिय मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अच्छा सन्देश दिया है। प्रदेश कांग्रेस सदस्य रियाजत खान, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राधेश्याम चोटिया, कांग्रेस नेता जमील चौहान व चूरू प्रतिनिधि मंडल ने स्वागत कर मेघवाल को चूरू जिले की राजनैतिक स्थिती से अवगत करवाते हुवे और कहा राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की महत्वपूर्ण योजनाओं को लागू कर अंतिम छोर पर बैठे वंचितों को सरकारी योजनाओं में भागीदारी सुनिश्चित करने में अग्रिणी भूमिका निभाने का आग्रह किया।

बबाई में दो दिन पहले हुई चोरी का खुलासा किया, चोरी के आरोप में दो गिरफ्तार

खेतड़ी, (निसं)। उपखंड के बबाई में एक प्लांट से दो लोहे के गेट चोरी हो जाने खेतडी पुलिस ने 2 दिन में ही का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी विनोद सांखला ने बताया कि ढाणी बैचावाली तन प्रतापपुरा निवासी महावीरप्रसाद गुर्जर ने 25 नवंबर को रिपोर्ट दी थी कि बबाई बाई पास स्थित श्मसान भूमि के पास उसके दो प्लॉट है।

जिनमें लोहे के दरवाजे लगे हुए है। रिपोर्ट में बताया था कि किसी काम से वह लुहारू गया हुआ था। वापस आकर देखा तो दरवाजे गायब मिले। इस मामले को एसपी प्रदीप मोहन शर्मा ने गंभीरता से लेते हुए एएसपी वीरेंद्र मीणा के निर्देशन में डीएसपी विजयकुमार के सुपर विजन में थानाधिकारी विनोद सांखला के नेतृत्व में चोरी के आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए टीम गठित की। पुलिस ने संदिग्ध स्थानों पर चोरी के आरोपियों की तलाश शरू की। थानाधिकारी विनोद सांखला ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि बबाई बाई पास के पास से हुइ चोरी के मामले में लिप्त दो आरोपी फरार होने की तैयारी कर रहे है। सूचना पर पर मौके पर पहुंच कर बबाई निवासी संदीप उर्फ रिंकू (27) पुत्र केदारमल नाई व रफीक उर्फ रवि (31) पुत्र रमेश बिजौरिया खडे हुए थे। दोनों को थाने में लाकर सख्ती से पूछताछ की तो उन्होंने चोरी करना कबूल कर लिया। दोनों को चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिए। आरोपियों से चोरी के सामन के बारे में पुछताछ की जा रही है।

यज्ञ भारतीय संस्कृति के पिता और गायत्री माता है : व्यास पीठ

■ श्री साईं गौशाला में नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन

सादुलपुर, (निसं)। सांखू फोर्ट अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री प्रज्ञा मंडल सांखू फोर्ट की ओर से कस्बे की श्री साईं गौशाला में रविवार को नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ हुआ। व्यास पीठ से आलोक कलोइया और जय सिंह ने यज्ञ का संचालन करते हुए कहा कि यज्ञ भगवान को भोजन करवाने का वैदिक माध्यम है। यज्ञ भारतीय संस्कृति के पिता और गायत्री माता है।

उन्होंने कहा कि बीमारियों से बचना है तो घर में प्रतिदिन या साप्ताहिक हवन करना चाहिए। यज्ञ से वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा पैदा होती है। इससे पूर्व वेदमाता गायत्री, गुरुसत्ता पंडित श्री राम शर्मा आचार्य, भगवती देवी शर्मा सहित 33 देवी-देवताओं का आव्हान कर षोडशोपचार पूजन किया गया। अग्नि स्थापन कर गायत्री एवं महामृत्युंजय मंत्र के साथ यज्ञ देवता को आहुतियां अर्पित की गई। कोरोना महामारी के नाश के लिए विशेष आहुति अर्पित की गई। इस अवसर पर युवा भारत मातृभूमि अभ्युदय इकाई भगत सिंह नवयुवक मंडल संस्थान की ओर से अन्न जागरूकता पर और वीर वीरांगना प्रदर्शनी लगाई गई।

जिला योग प्रचारक नरेंद्र भारतीय ने पर्यावरण जागरूकता का संदेश देते हुए वैदिक वंदना की। उपस्थित लोगों को मांगलिक कार्यक्रमों में भोजन के दौरान जूठन नहीं छोडने, अधिक से अधिक पौधरोपण करने का संकल्प करवाया। साथ ही अपने घर और प्रतिष्ठान में महापुरुषों के चित्र लगाने एवं सद साहित्य के अध्ययन और नियमित योग करने का आव्हान किया। शिक्षाविद बृजमोहन कारगवाल ने प्लास्टिक की थैलियों को पानी और शीतल पर की खाली बोतलों में भरकर इकोब्रिक्स बनाते हुए पर्यावरण को बचाने का संदेश दिया। इस मौके पर गायत्री विद्या मंदिर के विद्यार्थियों द्वारा तैयार इकोब्रिक्स की प्रदर्शनी भी लगाई गई। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि प्रेम सिंह उदावत, गौशाला समिति के अध्यक्ष अरुण दीक्षित, सचिव भंवर लाल गोस्वामी, रामकरण कारगवाल, गोपीकृष्ण प्रजापत, ताराचंद प्रजापत,दिनेश सोनी, हरचंद कारगवाल भुवनेश्वर शर्मा, नागरमल कारगवाल, प्रदीप जांगिड, रामकरण काजला, टिकू राम कारगवाल यजमान के रूप में उपस्थित रहे। गायत्री महायज्ञ से पूर्व शनिवार को राष्ट्र जागरण दीप महायज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सैंकडो दीपक प्रज्वलित कर अक्षत के माध्यम से गायत्री एव महामृत्युंजय मंत्र के साथ आहुति अर्पित की गई।

विफा पदाधिकारी व ट्रांसपोर्ट यूनियन अध्यक्ष का स्वागत

सादुलपुर, (निसं)। रविवार को विप्र फाउंडेशन के प्रदेश महामंत्री एडवोकेट दिनेश दाधीच का राजगढ पहुंचने पर विप्र फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने भव्य स्वागत किया। विप्र फाउंडेशन जिला मीडिया प्रभारी दुर्गेश जोशी ने बताया कि विप्र फाउंडेशन के प्रदेश महामंत्री आज रविवार को जयपुर जा रहे थे। उसी दौरान राजगढ में विप्र फाउंडेशन के पदाधिकारी, विप्र फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट मुकेश रामपुरा, उपाध्यक्ष प्रोफेसर अरविंद गौड, एडवोकेट विमल शर्मा, पार्षद राहुल पारीक, हरिद्वार ट्रांसपोर्ट यूनियन अध्यक्ष कमल शर्मा हरिद्वार, कृष्ण शर्मा, भरत लाल शर्मा बैरासर, एडवोकेट राजेश शर्मा, एडवोकेट सुनील जांगिड आदि ने एडवोकेट दिनेश दाधीच माल्यार्पण कर एवं साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया।

अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं 13 से

बीकानेर, (निसं)। शिक्षा विभाग ने 9वीं से 12वीं कक्षा की जिला समान परीक्षा की तैयारियां शुरू कर दी है। जिला समान परीक्षा के तहत अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं 13 दिसंबर से शुरू होंगी। शिक्षा विभाग ने इस बार जिला समान परीक्षा की जिम्मेदारी बोथरा स्कूल को दी है। पूर्व में यह जिम्मेदारी चोपड़ा स्कूल के पास थी। समान परीक्षा योजना संयोजक भारती शर्मा ने बताया कि सामान्य शुल्क में संस्था प्रधान एक दिसंबर तक परीक्षा शुल्क का चालान कटवा सकेंगे। जिले के सभी गवर्नमेंट और प्राइवेट माध्यमिक-उच्च माध्यमिक स्कूलों के संस्था प्रधानों को निर्धारित तिथि तक परीक्षा शुल्क जमा कराना होगा। समान परीक्षा के लिए प्रति स्टूडेंट्स 10 का शुल्क निर्धारित किया गया है। 9वीं से 12वीं की अर्द्धवार्षिक परीक्षा के लिए सिलेबस जारी किया जा चुका है। परीक्षा का टाइम टेबल इसी सप्ताह जारी कर दिया जाएगा। अर्द्धवार्षिक परीक्षा में स्टूडेंट्स को बोर्ड की ओर से कटौती किए गए पाठ्यक्रम के 60 फीसदी चैप्टर में से प्रश्न पूछे जाएंगे।

कार्यालय
मेनासिंह एडवोकेट राजगढ़ जिला चूरू
मो. नं. 9950033004
दिनांक :- 26.11.2021

मैं अपने मुवक्किल राजकुमार पुत्र ... निवासी ... तहसील राजगढ़ जिला चूरू की ओर से व उनके निर्देशानुसार सर्व साधारण को जरिए नोटिस निम्न प्रकार से सूचित करता हूँ कि :- 1. यह कि मेरे मुवक्किल का पुत्र सोनू मेरे मुवक्किल के कहने सुनने में नहीं है ... [illegible] ... इस कारण मेरे मुवक्किल ने अपने पुत्र सोनू से अपने संबंध विच्छेद करते हुए अपने पुत्र को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। ... [illegible]

अतः सर्व साधारण को इस नोटिस से सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल ने अपने पुत्र सोनू ... [illegible] ... कोई लेन-देन या व्यवहार करते हैं, तो इसमें मेरे मुवक्किल की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। जो कोई व्यक्ति सोनू से संव्यवहार करेगा, अपनी स्वयं की जिम्मेदारी होगी।

भवदीय
मेनासिंह एडवोकेट
राजगढ़, जिला चूरू, मो 9950033004